ॐ

वर्ष-8, अंक-9, 1-15 मई, 2023 ( पाक्षिक )

# चाणक्य वार्ता

ISSN 2456-1207


मूल्य : 50 रुपये
कुल पृष्ठ 40

राजभाषा हिन्दी की संपूर्ण अंतरराष्ट्रीय पत्रिका






'मन की बात' की 100 वीं कड़ी



घुमक्कड़ फ्रांसीसी डोमिनीक लैपियर



श्री प्रकाश सिंह बादल को श्रद्धांजलि

## इस अंक में पढ़ें

दिल जीतने की यात्रा है मन की बात, भारत के सर्वाधिक आबादी वाला देश बनने पर चिंतन करें या गर्व,
भारत में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, असम में प्रधानमंत्री का विशाल कार्यक्रमः बिहू देखकर अभिभूत हुए मोदी,
हरियाणा के मुख्यमंत्री का जनसंपर्क जारी, राजस्थान में राजनीतिक घमासान,
एक घुमक्कड़ फ्रांसीसी जो भारत का होकर रह गया, कांग्रेस व संघ की शक्ति का आंकलन,
प्रकाश सिंह बादल को भावभीनी श्रद्धांजलि, साथ ही पढ़ें सभी स्थायी स्तंभ तथा देश-विदेश की प्रमुख खबरें।

**नाग को दूध पिलाने से उसके उदर में जहर ही बढ़ता है ना कि अमृत—आचार्य चाणक्य**

# चाणक्य वार्ता की ऐतिहासिक पहल - देश-विदेश के प्रमुख स्थानों पर हो रहा है पत्रिका संकलन



चाणक्य वार्ता के छः वर्षों के खण्ड मुख्यमंत्री आवास पुस्तकालय हेतु हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहरलाल को भेंट करता हुआ प्रतिनिधिमंडल।



चाणक्य वार्ता के छः वर्षों के खण्ड हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय हेतु प्राचार्या डॉ. रमा को भेंट करते हुए चाणक्य वार्ता के प्रतिनिधि।



चाणक्य वार्ता के सात वर्षों के खण्ड इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए), दिल्ली के पुस्तकालय हेतु भेंट करते हुए चाणक्य वार्ता के संपादक।




चाणक्य वार्ता के छः वर्षों के खण्ड ब्रह्मी सुंदरी कन्या छात्रावास पुस्तकालय, बोडेली, गुजरात के पदाधिकारियों को भेंट करते हुए आदिवासी संत गणि राजेंद्र विजय।




चाणक्य वार्ता के छः वर्षों के खण्ड एकलव्य आवासीय विद्यालय, कवांट, गुजरात के पुस्तकालय प्रमुख को भेंट करते हुए आदिवासी संत गणि राजेंद्र विजय।



चाणक्य वार्ता के छः वर्षों के खण्ड तथा संस्थान द्वारा प्रकाशित अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें डीएवी कॉलेज, मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के पुस्तकालय प्रमुख को भेंट करते हुए चाणक्य वार्ता का प्रतिनिधिमंडल।




चाणक्य वार्ता के छः वर्षों के खण्ड तथा संस्थान द्वारा प्रकाशित अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें एसडी कॉलेज, मुजफ्फरनगर के पुस्तकालय प्रमुख को भेंट करते हुए चाणक्य वार्ता के प्रतिनिधि अनमोल जैन।




चाणक्य वार्ता के छः वर्षों के खण्ड तथा संस्थान द्वारा प्रकाशित अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें जैन कन्या पाठशाला, मुजफ्फरनगर के पुस्तकालय प्रमुख को भेंट करते हुए चाणक्य वार्ता के प्रतिनिधि।



चाणक्य वार्ता के छः वर्षों के खण्ड तथा संस्थान द्वारा प्रकाशित अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें के.के. जैन डिग्री कॉलेज, खतौली, उ.प्र. की प्रधानाचार्या को भेंट करता हुआ चाणक्य वार्ता का प्रतिनिधिमण्डल।



चाणक्य वार्ता के छः वर्षों के खण्ड तथा संस्थान द्वारा प्रकाशित अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज, मुजफ्फरनगर के पुस्तकालय प्रमुख को भेंट करते हुए चाणक्य वार्ता के प्रतिनिधि।




# चाणक्य वार्ता

**सम्पूर्ण अंतरराष्ट्रीय पत्रिका**

वर्ष : 8, अंक : 9, 1-15 मई, 2023






## अनुक्रम


05 सम्पादक के नाम पत्र

06 सम्पादक की कलम से

**राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय**

07 भारत के सर्वाधिक आबादी वाला देश बनने पर चिंतन करें या गर्व : योगेश कुमार गोयल

09 भारत में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का विकास : डॉ. दीपक कोहली

**राज्यों से**

11 हरियाणा– मुख्यमंत्री मनोहर लाल का ग्रामीण प्यारः
जब भौचक्का रह गया गुंसाइयाना का सुरेंद्र...: आरपी तोमर

13 राजस्थान– पायलट की सियासी उड़ान किस तरफ?: डॉ. अमर सिंघल

16 असम– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– सत्ताएं बदली, शासक आये गए, अटल रहा भारत : राजीब अगस्ती

**विविध**

18 एक घुमक्कड़ फ्रांसीसी जो दिल से भारत का होकर रह गया : अभिषेक त्रिपाठी



**नई दिल्ली कार्यालय**
मुख्यालय :
**'सन्निधि', ए-28, मनसाराम पार्क, उत्तम नगर,**
**नई दिल्ली-110059**
कॉरपोरेट कार्यालय :
**321, तृतीय तल, वर्धमान मॉल, प्लॉट-2,**
**सेक्टर-19, द्वारका, नई दिल्ली-110077**
सम्पर्क : 09871909808, 08571841127
ई-मेल : chanakyavarta@gmail.com

**उत्तर क्षेत्र कार्यालय**
**एस.सी.ओ. 24, द्वितीय तल, सेक्टर-11,**
**पंचकूला, हरियाणा-134112**
सम्पर्क : **0172-4672424, 09466988764**

**पूर्वोत्तर क्षेत्र कार्यालय**
**116, कॉमर्स हाउस, एम.जी. रोड, फैंसी बाजार**
**निकट ऐक्सिस बैंक, गुवाहाटी, असम-781001**
सम्पर्क : **09101834214, 9864337619**

**दक्षिण क्षेत्र कार्यालय**
**13, नल्लन्ना मुदली स्ट्रीट, साहुकारपेट,**
**चेन्नई-600 079**
सम्पर्क : **9342302248, 9941245660**



संरक्षक
**डॉ. योगेन्द्र नारायण** (पूर्व महासचिव, राज्यसभा)
कुलाधिपति, गढ़वाल विश्वविद्यालय
**लक्ष्मीनारायण भाला** (वरिष्ठ साहित्यकार)

परामर्श मंडल
**पद्मश्री डॉ. श्यामसिंह शशि**
(कुलाधिपति, रोमा विश्वविद्यालय)
**वेणुगोपालन** (वरिष्ठ पत्रकार)

सम्पादक मंडल
सम्पादक : **डॉ. अमित जैन**
कार्यकारी सम्पादक : **आर.पी. तोमर**
राजनीतिक सम्पादक : **ओम प्रकाश पाल**

संस्थापक राष्ट्रीय समन्वयक
**स्व. घनराज भाम्बी**
(वरिष्ठ पत्रकार— रक्षा सेनाएँ एवं अर्द्ध सैनिक बल)

राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार प्रभारी
**दिलीप बैनर्जी**, कोलकत्ता

आर्थिक सलाहकार मंडल
**सी.ए. मन्त्रेश्वर कर्ण**
**सी.ए. स्वीटी जैन**

अन्तरराष्ट्रीय सलाहकार मंडल
**धर्मपाल महेन्द्र जैन**, टोरंटो, कनाडा

विधि सलाहकार मंडल
**योगेश कुमार** (चेयरमैन, नेचर व्यू)
**अजय नागर** (स्वतंत्र पत्रकार)
**डॉ. भरत कुमार**, (शिक्षाविद्), बनारस

राज्य प्रभारी
उत्तर क्षेत्र प्रभारी—**विशाल शर्मा**, चंडीगढ़
पूर्वोत्तर क्षेत्र प्रभारी—**राजीब अगस्ती**, गुवाहाटी
दक्षिण क्षेत्र प्रभारी—**नवरतन पींचा जैन**, चेन्नई
पश्चिमी क्षेत्र प्रभारी—**आशा सिंह देवासी**, मुबई
पूर्वी क्षेत्र प्रभारी—**प्रकाश बेताला**, भुवनेश्वर
कर्नाटक प्रभारी—**हर्ष गोयल**, बेंगलुरु
तमिलनाडु प्रभारी—**जे.पी. ललवानी**, चेन्नई
मध्य प्रदेश प्रभारी—**लखनलाल चौरसिया**, भोपाल
पश्चिमी उ.प्र. प्रभारी—**अंकित जैन**, मेरठ

**चिंतन**

21 कांग्रेस और संघ : एक सिंहावलोकन-57
कांग्रेस व संघ की शक्ति का आंकलन : कृष्णानंद सागर

22 आचार्य चाणक्य की ये बातें बड़ी उपयोगी हैं : रमेश जैन

**कविताएं**

14 भामाशाह की जरूरत : डॉ उमेश प्रताप वत्स

24 यही एक जल-धर्म : लक्ष्मीनारायण भाला 'लक्खी दा'

**श्रद्धांजलि**

25 स्वतंत्र भारत के नेल्सन मंडेला श्री प्रकाश सिंह बादल

**व्यंग्य**

27 व्यंग्य अफवाह नहीं है : धर्मपाल महेंद्र जैन

**कहानी**

28 अग्निदाह : रामेश्वर महादेव वाढेकर

29 बाबूजी का बटुआ : महेश कुमार केशरी

**समाचार जगत**

30 चाणक्य वार्ता पाक्षिकनामा

31 खबरों में देश-विदेश : सोनम जैन

32 उत्तर भारत की खबरें : विशाल शर्मा/शैलेन्द्र जैन

33 पूर्वोत्तर भारत की खबरें : राजीब अगस्ती/डॉ. आलोक सिंह

34 दक्षिण भारत की खबरें : वेद प्रकाश पांडेय/ ईश्वर करुण

35 पश्चिम भारत की खबरें : आशा सिंह देवासी/धीरेन बरोट

**जॉब अलर्ट**

36 सरकारी नौकरियों में अवसर : सी.ए. स्वीटी जैन

**सबरंग**

37 सिनेमा, टेलीविजन, आयोजन, किताब, सम्मान : डॉ. महेश्वर










**देश भर में 'चाणक्य वार्ता' के प्रतिनिधि**

राज्य ब्यूरो चीफ

**धीरेन्द्र मिश्र**, नई दिल्ली
**डॉ. अमर सिंहल**, जयपुर, राजस्थान
**शैलेन्द्र जैन**, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
**अजय भट्ट**, देहरादून, उत्तराखंड
**डॉ. गुलाब सिंह**, यमुना नगर, हरियाणा
**शरद छिब्बर**, चंडीगढ़
**रमेश गुप्ता**, उधमपुर, जम्मू-कश्मीर
**एस.के. व्यास**, जलंधर, पंजाब
**गुरुवचन सिंह**, शिमला, हिमाचल प्रदेश
**सतीश सिंह**, गुवाहाटी, असम
**डॉ. आलोक सिंह**, शिलांग, मेघालय
**शुभ्रांशु दाम**, धर्मनगर, त्रिपुरा
**तुंबन रीबा 'लीली'**, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश
**हुरई जेलियांग**, दीमापुर, नागालैंड
**डॉ. ललमुआनओमा साइलो**, आईजोल, मिजोरम
**किरन कुमार**, इफाल, मणिपुर
**डॉ. टी.बी. छेत्री**, गंगटोक, सिक्किम
**वेद प्रकाश पाण्डेय**, बेंगलुरु, कर्नाटक
**ईश्वर करुण**, चेन्नई, तमिलनाडु
**जी. गौरीशंकर**, हैदराबाद, तेलंगाना
**उमा महेश्वर रेड्डी**, विजयवाड़ा, आंध्रप्रदेश
**श्रीकांत कण्णन**, पुडुचेरी
**अरुण लक्ष्मण**, तिरुवन्तपुरम, केरल
**धीरेन बरोट**, अहमदाबाद, गुजरात
**किशोर आपटे**, मुंबई, महाराष्ट्र
**विनायक भिषे**, सतारा, महाराष्ट्र
**विनोद कुशवाहा**, भोपाल, म.प्र.
**आदेश ठाकुर**, रायपुर, छत्तीसगढ़
**सियानंद मंडल**, पटना, बिहार
**गौतम चौधरी**, राँची, झारखंड
**अशोक नंदी**, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
**राजेन्द्रपाल शर्मा**, पोर्टब्लेयर, अंडमान निकोबार

नेशनल सोशल मीडिया हेड
**आदित्य जैन**, यमुनानगर

नेशनल मार्केटिंग हेड
**दीक्षा कंबोज**, यमुनानगर

जिला ब्यूरो चीफ
**अविनाश पाठक**, नागपुर, महाराष्ट्र
**अनमोल जैन**, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**सुनीता गोस्वामी**, मथुरा, उत्तर प्रदेश
**डॉ. डी.के. अस्थाना**, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
**संजय सक्सेना**, कानपुर, उत्तर प्रदेश
**सोनम जैन**, दिल्ली
**ए. रणजीत**, आईजोल, मिजोरम


**नोट** : देश के कोने-कोने में आप अपने समाचार पत्र हॉकर के माध्यम से घर बैठे 'चाणक्य वार्ता' पत्रिका मँगा सकते हैं। यदि आपको पत्रिका मिलने में कठिनाई होती है, तो आप 'चाणक्य वार्ता' के मुख्य प्रसार कार्यालय, नई दिल्ली में 08586858185 पर सपर्क कर सकते हैं अथवा ***chanakyavarta@gmail.com*** पर ई-मेल भी कर सकते हैं।

**प्रसार प्रबंधक**


© सर्वाधिकार सुरक्षित। प्रकाशित सामग्री के उपयोग के लिए लेखक, प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है। प्रकाशित रचनाओं के विचार से 'चाणक्य वार्ता' पत्रिका का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अंतर्गत विचारणीय रहेंगे।



**इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसाइटी**, नई दिल्ली का पाक्षिक प्रकाशन

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अमित जैन के लिए विकास कम्प्यूटर एंड प्रिंटर्स, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद से मुद्रित एवं ए-28, मनसाराम पार्क, नई दिल्ली से प्रकाशित।**

सम्पादक : **अमित जैन।**

आवरण व लेआउट : **स्वपन कम्यूनिकेशन, दिल्ली**

वेबसाइट : www.chanakyavarta.com

**आप सभी पाठकगण पत्रिका में प्रकाशित लेखों पर अपने विचार या कोई सुझाव हमें हमारी ई-मेल आईडी response50123@gmail.com पर भेज सकते हैं। स्थान की उपलब्धता के अनुसार हम आपके विचारों को शामिल करने का प्रयास करेंगे।**

**—सम्पादक 'चाणक्य वार्ता'**




चाणक्य वार्ता के 16 अप्रैल 2023 के अंक में संपादक डॉ. अमित जैन का अरुणाचल प्रदेश और चीन पर केंद्रित संपादकीय पढ़ा। जापान और अमेरिका भी चीन की हरकतों से परेशान रहते हैं इसलिए भारत को उनका साथ मिलना ही था। चीन की विस्तारवादी नीति के कारण उसका विवाद जापान सहित विभिन्न देशों से लगातार जारी है। सभी मानते हैं कि चीन को चुनौती देने के लिये भारत को उनका साथ देना बहुत आवश्यक है। अरुणाचल प्रदेश पर चीन की गिद्ध दृष्टि लम्बे समय से है। वह इसे तिब्बत का भूभाग बताता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए भारत को जापान और अमेरिका सहित विभिन्न देशों से सहयोग मिलना एक अच्छी खबर है।

**सत्येंद्र जैन**
**मुम्बई, महाराष्ट्र**

चाणक्य वार्ता के 16 अप्रैल 2023 के अंक में प्रो. फूलचंद जैन प्रेमी का नैतिक शिक्षा पर लेख पढ़ा। जो शिक्षा पद्धति अभी तक हमने अपना रखी थी, वो हमें अच्छी नौकरी तो दिला सकती है, लेकिन अच्छा इंसान नहीं बनाती। इसलिए शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन की मांग लम्बे समय से चली आ रही थी। नई शिक्षा नीति से इसमें कुछ परिवर्तन तो हुए हैं, लेकिन परिवर्तन की संभावना अभी भी बनी हुई है। ऐसे में प्रो. जैन के नैतिक शिक्षा पर दिये गये सुझावों पर ध्यान देने से हमें अत्यंत लाभ होगा। नैतिक शिक्षा हमारी आने वाली पीढ़ियों को सही मार्ग दिखाने में मददगार सिद्ध होगी।

**सुशांत ठाकुर**
**शिमला, हिमाचल प्रदेश**

चाणक्य वार्ता के 16 अप्रैल 2023 के अंक में भगवान महावीर के जन्मकल्याणक महोत्सव पर रिपोर्ट पढ़ी। भगवान महावीर ने हमें सत्य और अहिंसा का जो मार्ग दिखाया है, उसकी वर्तमान समय में बहुत अधिक आवश्यकता है। आज-कल देखने में आता है कि हमारे नागरिक एक-दूसरे से छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करने लगते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल से अधिक हो चुका है। विभिन्न अन्य देशों के बीच भी युद्ध की स्थिति लम्बे समय से बनी हुई है। युद्धग्रस्त विश्व के सामने इस समय भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाना अति आवश्यक है तभी विश्व की सभी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

**विद्यानंद मिश्रा**
**पटना, बिहार**

चाणक्य वार्ता के 16 अप्रैल 2023 के अंक में डॉ. दीपक जैन द्वारा लिखित तथा कृषि क्षेत्र पर आधारित लेख पढ़ा। इसमें उन्होंने कृषि क्षेत्र से जुड़े कई बदलावों के बारे में विस्तार से बताया है। इसमें हरित क्रांति, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, सटीक खेती, जैविक खेती, कांट्रैक्ट फार्मिंग, कृषि विज्ञान केंद्र, एग्री-टेक स्टार्टअप्स, सरकारी पहल व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में बताया गया है। उनके परिचय के अनुसार वो व्यापरी वर्ग से संबंध रखते हैं। फिर भी कृषि क्षेत्र की इतनी सूक्ष्म जानकारी उन्हें होना बहुत ही अच्छी बात है। यह ठीक बात है कि कृषि क्षेत्र में हुए इन बदलावों से किसानों को बहुत मदद मिली है।

**अजय नागर**
**जयपुर, राजस्थान**

चाणक्य वार्ता के अंक में राहुल गांधी के विवादित बयानों पर अनुपमा अग्रवाल का लेख पढ़ा। पहले भारतीय राजनीति में भाषा की मर्यादा होती थी। इसका पालन सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के द्वारा किया जाता था। लेकिन आज-कल एक-दूसरे पर व्यक्तिगत बयान देना और अमर्यादित बयान देना आम हो गया है। अक्सर राहुल गांधी ऐसे बयान दे देते हैं, जिस पर विवाद हो जाता है। लेकिन वे अकेले ऐसे नेता नहीं हैं। हाल ही में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जहरीला सांप बोल दिया था। इसी अंक में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू का गांधी परिवार, संघ और सावरकर पर केंद्रित लेख पढ़ा। यह सही है कि संघ के जन्म से लेकर अब तक कांग्रेस ने एक राजनीतिक दल के रूप में कभी भी उसका विरोध करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। पं. जवाहरलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक समय-समय पर तीखे हमले किये गये। यही बात सावरकर के मामले में भी सामने आती है। ऐसा करते समय कांग्रेस और गांधी परिवार यह भूल जाते हैं कि पं. जवाहरलाल नेहरू ने 26 जनवरी 1963 को गणतंत्र दिवस की परेड के लिये संघ के स्वयंसेवकों को आमंत्रित किया था। इसी प्रकार सावरकर पर पहला डाक टिकट कांग्रेस के शासनकाल में ही जारी हुआ था और इंदिरा गांधी ने उनकी प्रशंसा भी की थी।

**गजेंद्र सिसोदिया**
**अहमदाबाद, गुजरात**

किसी मुख्यमंत्री के द्वारा अपने आवास या कार्यालय पर जनता की समस्याओं को सुनना आम बात है। लेकिन कोई मुख्यमंत्री गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुनकर हल करने का प्रयास करे, ऐसा कम ही होता है। वह भी एक-दो नहीं पूरा तीन दिन का जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ इसलिए जनता को बड़ी संख्या में राहत मिलनी निश्चित है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के ऐसे ही कदमों के बारे में चाणक्य वार्ता के अंक में विशाल शर्मा का लेख पढ़ा। इसमें उन्होंने बताया कि कैसे 20 साल बाद कोई मुख्यमंत्री एक गांव में आकर साधारण लोगों के बीच में बैठकर उनकी समस्यायें सुनता है तथा मौके पर ही उनका समाधान करता है इस प्रकार के उदाहरण अन्य राज्यों में भी होने चाहिए।

**मैनादेवी**
**प्रयागराज, उ.प्र.**

चाणक्य वार्ता के 16 अप्रैल 2023 के अंक में राजस्थान की राजनीति पर डॉ. अमर सिंघल, तमिलनाडु की राजनीति पर राकेश कुमार शर्मा तथा अरुणाचल प्रदेश में गृहमंत्री अमित शाह के दौरे पर अरुण ज्योति बोरा का लेख पढ़ा। डॉ. सिंघल ने अपने लेख में बताया है कि किस प्रकार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने से राज्य की राजनीति प्रभावित हो सकती है। उसी प्रकार अरुणाचल प्रदेश पर चीन की चालबाजी के जवाब में गृहमंत्री का यह दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा सकता है। इस कारण इसका जितना प्रचार हो उतना कम है।

**राजीब अगस्ती**
**गुवाहाटी, असम**